# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) अम्बेडकरनगर।

चरित्र विकास भवन साबुन गली अकबरपुर-224122 eeupjn.cdambedkarnagar@gmail.com


पत्रांक- 4039 / 18idec-9 / 65 दिनांक- 08/06/2026

सेवा में,

जिलाधिकारी,
अम्बेडकरनगर।

**विषयः** – हिन्दुस्तान में समाचार पत्र में दिनाक-22.05.2026 को प्रकाशित शीर्षक **" तीन वर्षो से अधर में पड़ा है जलाशय का निर्माण"** के सम्बन्ध में।

**महोदया,**

उपरोक्त विषयक हिन्दुस्तान समाचार पत्र में दिनाक-22.05.2026 को प्रकाशित शीर्षक **" तीन वर्षो से अधर में पड़ा है जलाशय का निर्माण"** की आख्या निम्नवत है-

| क्र0सं0 | प्रकाशित खबर | आख्या |
|---|---|---|
| 1. | जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल योजना में पानी टंकी का निर्माण अधर में लटका हुआ है। ठेकेदार निर्माण कार्य छोड़ कर बीते तीन वर्ष से फरार है। इस पानी टंकी का निर्माण वर्ष 2021 में शुरू किया गया था। ग्राम पंचायत रसूलपुर दियरा में पेयजल योजना की खिल्ली उड़ रही है। यहां योजना के तहत 197.11 लाख की लागत से परियोजना का कार्य पूरा किया जाना था। कार्यदायी संस्था वेल्सपन कम्पनी द्वारा वर्ष 2021 में कार्य प्रारम्भ किया गया। परियोजना का कार्य 10 अप्रैल 2023 तक पूरा किया जाना था। इसमें कुल 401 घरों को योजना से आच्छादित कराना था, लेकिन परियोजना का कार्य अधर में लटका हुआ है। सभी घरों में अभी तक टोटियां नहीं लग सकी हैं। जहां पानी की टोटियां लगी थी, उसमें अधिकतर टोटी क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। ग्रामीण पेयजल की सुविधा का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन यहां तो ठेकेदार ही कार्य छोड़ कर तीन वर्ष से फरार हो गया है। हालात यह है कि पानी टंकी के निर्माण में प्रयुक्त बांस बल्लियां सड़ कर गिर रही हैं। पाइप लाइन के लिए गांव में खोदे गए रास्ते बदहाल हैं, उसकी मरम्मत की सुधि जिम्मेदारों को नहीं है। परियोजना का कार्य बंद रहने से ग्रामीणों में निराशा व्याप्त है। ग्राम प्रधान प्रतिनिध महेन्द्र कुमार ने कहा कि जल निगम की उदासीनता के चलते जहां ग्रामीणों को पेयजल की सुविधा नहीं मिल रही है, वहीं राजस्व की क्षति हो रही है। उन्होंने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बंद पड़े परियोजना के कार्य को शुरू कराने की मांग की है। | रसूलपुर दियरा पेयजल योजना का श्री धर्मेन्द्र प्रसाद जूनियर इंजीनियर द्वारा द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त पेयजल योजना में 8700 मी० पाइप लाइन के सापेक्ष 9950 मी0 पाइप लाइन का कार्य पूर्ण है उक्त पेयजल योजना के अन्तर्गत स्टीमेट में बिटुमिनस रोड का पाइप लाइन एक तरफ का लिया गया है जबकि कार्यस्थल पर बिटुमिनस रोड के दोनो तरफ पाइप लाइन डाला गया है, इसके कारण 1250 मी0 अतिरिक्त पाइप लाइन का कार्य किया गया है गृह जल संयोजन का कार्य 401 नग के सापेक्ष 350 नग कार्य पूर्ण है, शिरोपरी जलाशय का कार्य 95% पूर्ण कर लिया गया है उक्त योजना के अन्तर्गत डायरेक्ट नलकूप के माध्यम से आंशिक जलापूर्ति की जा रही है। योजना के समस्त कार्यों को माह-जुलाई-2026 तक पूर्ण कराकर शिरोपरी जलाशय के माध्यम से सभी मजरो में नियमित जलापूर्ति की जाएगी। |

**संलग्नक- फोटो ग्राफ संलग्न**

**भवदीय**

**(कमला शंकर)**
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृष्ठ संख्या-** / / **दिनांकः-**

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय अम्बेडकरनगर।
4. जिला सूचना अधिकारी महोदय अम्बेडकरनगर।
5. अधीक्षण अभिन्ता मण्डल कार्यालय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) अयोध्या कैम्प-कार्यायल सुल्तानपुर।
6. सहायक अभियन्ता /जूनियर इंजीनियर।


**अधिशासी अभियन्ता**

bharavi/latter/CDO

पड़ताल | ग्रामीणों को शुद्ध पानी का इंतजार, अकबरपुर विकास खंड के रसूलपुर दियरा में पेयजल परियोजना का हाल

# तीन वर्षों से अधर में पड़ा है जलाशय का निर्माण

...डकरनगर, संवाददाता। जल ...मिशन के तहत हर घर नल से ...योजना में पानी टंकी का निर्माण ...में लटका हुआ है। ठेकेदार ...कार्य छोड़ कर बीते तीन वर्ष से ...है। इस पानी टंकी का निर्माण ...2021 में शुरू किया गया था। ...पंचायत रसूलपुर दियरा में ...जल योजना को खिल्ली उड़ रही है। यहां योजना के तहत 197.11 ...की लागत से परियोजना का ...पूरा किया जाना था। कार्यदायी संस्था वेल्सपन कम्पनी द्वारा वर्ष 2021 में कार्य प्रारम्भ किया गया। परियोजना का कार्य 10 अप्रैल 2023 तक पूरा किया जाना था। इसमें कुल ...01 घरों को योजना से आच्छादित कराना था, लेकिन परियोजना का कार्य अधर में लटका हुआ है। सभी घरों में अभी तक टोटियां नहीं लग सकी हैं। जहां पानी की टोटियां लगी थी, उसमें अधिकतर टोटी क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। ग्रामीण पेयजल की सुविधा का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन यहां तो ठेकेदार ही कार्य छोड़ कर तीन वर्ष से फरार हो गया है। हालात यह है कि पानी टंकी के निर्माण मे प्रयुक्त बांस बल्लियां सड़ कर गिर रही हैं। पाइप लाइन के लिए गांव में खोदे गए रास्ते बदहाल हैं, उसकी मरम्मत की सुधि जिम्मेदारों को नहीं है। परियोजना का कार्य बंद रहने से ग्रामीणों में निराशा व्याप्त है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि महेन्द्र कुमार ने कहा कि जलनिगम की उदासीनता के चलते जहां ग्रामीणों को पेयजल की सुविधा नहीं मिल रही है, वहीं राजस्व की क्षति हो रही है। उन्होंने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बंद पड़े परियोजना के कार्य को शुरू कराने की मांग की है।



रसूलपुर दियरा में निर्माणाधीन पानी टंकी की गिर रही बल्लियां।

> जहां परियोजनाओं का कार्य पूरा नहीं है वहां शीघ्र ही पूरा करने के लिए कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए गए हैं। कार्य में शिथिलता बरतने पर संबंधित कार्यदायी संस्था के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। अकबरपुर विकास खंड के रसूलपुर दियारा में परियोजना का कार्य ठप होनें के संबंध में जांच करा कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।
>
> –कमला शंकर, अधिशासी अभियंता जलनिगम अम्बेडकरनगर।

CDO | XEN जल निगम (ग्रामीण)

DDO

मुख्य विकास अधिकारी
अम्बेडकर नगर
23/05/26

जिला सूचना अधिकारी
अम्बेडकरनगर

जिलाधिकारी
अम्बेडकरनगर

Scanned with OKEN Scanner